अधिष्ठाता
प्रौद्योगिक महाविद्यालय
Dean
College of Technology

गोविन्द बल्लभ पंत
कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर–263145 (जिला–ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड
Govind Ballabh Pant
University of Agriculture & Technology
Pantnagar-263 145,
Distt-Udham Singh Nagar (Uttarakhand)

पत्रांक : सीटीई / 553
दिनांक : 10 जून, 2020

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
उत्तराखण्ड सरकार,
**देहरादून, उत्तराखण्ड।**

**विषय : प्रौद्योगिक महाविद्यालय (गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय) पंतनगर में सरकार द्वारा सहयोग पोर्टल के माध्यम से रूफटाप सौर पावर प्लांट लगवाने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक को संज्ञान में लेते हुए आपको अवगत कराना है कि गो0ब0पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय एक विश्व ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय है तथा प्रौद्योगिकी महाविद्यालय इसका एक महत्वपूर्ण अंग है। प्रौद्योगिकी महाविद्यालय देश के अग्रणी संस्थानों में से एक है। इसकी स्थापना 1966 में हरित क्रांति की जननी गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्यागिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के एक संघटक महाविद्यालय के रूप में हुई थी। स्थापना के समय से ही प्रौद्योगिकी महाविद्यालय निरंतर ही अपने विभिन्न संकायों के माध्यम से प्रदेश एवं देश के किसानों की सेवा करता रहा है। इसके अलावा यह महाविद्यालय प्रदेश के विद्यार्थियों जिनमें सुदूर ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रों के छात्र एवं छात्राएं भी सम्मिलित हैं, को तकनीकी रूप से मजबूत एवं सुदृढ करता रहा है।

महोदय जैसा कि आपको विदित है कि भारत सरकार द्वारा संचालित अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी सरकारी शिक्षण संस्थाओं में सोलर प्लांट लगवाना प्रस्तावित है।

अतः राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित सहयोग पोर्टल के अंदर ऊर्जा सेक्टर के अंतर्गत प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में एक सोलर प्लांट स्थापित करने की आशा की जाती है।

महोदय, महाविद्यालय में सोलर प्लांट लगने से विद्युत ऊर्जा पर होने वाले व्यय एवं कार्बन उत्सर्जन को घटाया जा सकता है तथा इस प्लांट का उपयोग विद्यार्थियों द्वारा सौर ऊर्जा क्षेत्र के शोध कार्यों हेतु किया जा सकेगा। महोदय इस प्लांट को लगवाने तथा इसके संचालन, रख–रखाव एवं मरम्मत हेतु अनुमानित लागत कुल 3.6 करोड़ रूपये मात्र होने की संभावना है।

अतः महोदय से निवेदन है कि विषय की गहनता के दृष्टिगत तथा संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए रूफ टॉप सोलर प्लांट के निर्माण कार्य हेतु सरकार द्वारा योजित सहयोग पोर्टल (Promoting Energy) के माध्यम से सहयता प्रदान कर अनुग्रहित करने की कृपा करें।

भवदीय,

Alaknanda Ashok 9/6/20
(अलकनंदा अशोक)
अधिष्ठाता

दूरभाष : 05944–233338(कार्यालय), 233806 (निवास), फैक्स : 05944–233338, 233473
E-mail : dean@gbpuat-tech.ac.in, deanct@gbpuat.ac.in